इस योजना का मुख्य उद्देश्य रेशम संचालनालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के तकनीकी एवं लेखा प्रशिक्षण देना व कृषकों/हितग्राहियों को रेशम गतिविधियों का प्रशिक्षण, सेमिनार, वर्कशाप/एक्सपोजर भ्रमण कराना है। इस योजना के अन्य प्रभार मद के अंतर्गत मार्केटिंग सर्वे, मलबरी बीज के उत्पादन कार्य एवं मलबरी बीज केन्द्रों का संधारण कार्य संपन्न कराया जाता है।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत रेशम संचालनालय के अधीन 2 मिनी आई.टी.आई. कमशः वारासिवनी (जिला बालाघाट) एवं सारंगपुर (जिला राजगढ) में संचालित है, जिनमें कृमिपालन, धागाकरण एवं वस्त्र बुनाई ट्रेड के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाता है।

### 2. मलबरी स्वावलंबन योजना

इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 99 शासकीय रेशम केन्द्र, जो न्यूक्लियस केन्द्र के रूप में संचालित है, उनके माध्यम से निजी क्षेत्र के हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं नवीन तकनीक जानकारी दी जाती है। शासकीय स्वावलंवन केन्द्रों पर उपलब्ध शहतूती पौधरोपण का सामान्यतः 01–01 एकड क्षेत्र का भोगाधिकार रेशम कृमिपालन कार्य करने के लिये हितग्राहियों को आवंटित किया गया हैं।

## 3. मलबरी रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम

म.प्र. में रेशम विकास विस्तार का कार्य लगभग 44 जिलों में संचालित किया जा रहा है। प्रदेश में निजी क्षेत्रों में शहतूती पौधरोपण का कार्य वृहद रूप से विस्तारित किया गया है। मलबरी रेशम कृमिपालक को द्वितीय अवस्था तक रेशम कृमियों को पालकर चॉकी प्रदाय की जाती है। रेशम कृमिपालकों को रियायती दर पर कृमिपालन हेतु स्वस्थ समूह मलबरी के अण्डे प्रदाय किये जाते है, इसके अतिरिक्त हितग्राहियों को स्व.समूह कृमिपालन हेतु चाकी, विसंक्रमण, नर्सरी कार्य, परिवहन प्रशिक्षण, संधारण, अन्य प्रभार तथा आधारभूत संरचना जैसे कृमिपालन गृह/फेंसिंग/सिंचाई सुविधा एवं उपकरण निर्धारित मापदंडों के अनुसार प्रदाय किये जाते है।

## 4. टसर रेशम विकास एवं विस्तार कार्यक्रम

### टसर कोया उत्पादन

**पालित** :– इस योजना के माध्यम से प्रदेश के मुख्यतः आदिवासी एवं वनों के करीब रहने वाले अन्य निवासियों को वन क्षेत्रों में टसर कृमिपालन कर रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। कीटपालन करने वाले हितग्राहियों को निरोगी अण्डे संचालनालय के माध्यम से उपलब्ध कराये जाते है। कृमिपालन का कार्य वन क्षेत्रों में उपलब्ध साजा अर्जुन एवं लेंडिया के वृक्षों पर होता है।

**नैसर्गिक** :– प्रदेश में मुख्यतः होशंगाबाद, नरसिंहपुर, मण्डला, अनूपपुर, शहडोल, सिवनी एवं बालाघाट इत्यादि जिलों के साल/अर्जुन वनों से नैसर्गिक रूप में टसर कोसा का उत्पादन होता है जहॉ ककून के उत्पादन स्तर को लगातार बनाये रखने के लिए विभाग द्वारा प्रगुणन कैम्प लगाये जाते हैं। वनों में उत्पादित ककून को स्थानीय हितग्राही एकत्रित कर स्थानीय हाट–बाजार में विक्रय कर आय अर्जित करते हैं।

## 5. उत्प्रेरण विकास कार्यक्रम

**मलबरी** :– मलबरी रेशम को निजी क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु कृषकों की निजी भूमि में शहतूती पौधरोपण के लिये विस्तार कार्यक्रम लिया गया है। इसके अंतर्गत छोटे एवं मध्यम किसानों की निजी भूमि पर मलबरी पौधरोपण कराया जाता है। जिसमें कृमिपालकों को पौधरोपण, प्रारंभिक कृमिपालन उपकरण, कृमिपालन भवन एवं सिंचाई सुविधा आदि उपलब्ध कराये जाते हैं।

**टसर** :– टसर क्षेत्र में कृमिपालन कर रहे हितग्राही को खाद्य पौधरोपण तथा चाकी उद्यान के उचित रख–रखाव तथा कृमिपालन उपकरण हेतु सहायता अनुदान प्रदान की जाती है।

### 6. इरी रेशम विकास एवं विस्तार कार्यकम

प्रदेश में कृषकों को अनुपयोगी भूमि पर अतिरिक्त आय के उद्देश्य से कृषकों को इरी सिल्क उत्पादन के लिये प्रोत्साहन दिया जाता है।

### 7. स्पेशल प्रोजेक्ट

रेशम योजनाओं में विशेष उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप अन्तर्गत इकाईयों कम्पनियों एवं व्यक्तिगत उद्यमियों द्वारा परियोजना कियान्वयन हेतु सहायता।

### 8. एकीकृत क्लस्टर विकास कार्यकम

रेशम योजनाओं के अन्तर्गत क्लस्टरों को विशिष्ट बनाना, वर्तमान क्लस्टरों को सुदृढ करना तथा नवीन क्लस्टरों को विकसित करना, क्लस्टरों में वित्तीय समर्थन को बढाने हेतु डायग्नोस्टिक स्टडी करना नवीन एवं आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन एवं विकास, अन्य आवश्यक इनपुट डिजाईन, बाजार, लिंकेज सलाहकारों की सेवा लेना, कमियों को चिन्हित करने हेतु अध्ययन प्रशिक्षण की व्यवस्था करना, क्लस्टर में लघु एवं मध्यम उद्यमियों/अशासकीय संस्थाओं को समर्थन देने हेतु सेमीनार, वर्कशाप, अध्ययन भ्रमण आदि का आयोजन करना तथा अन्य गतिविधियों हेतु सहायता।

### 9. उद्यमियों/स्वसहायता समूहों/अशासकीय संस्थाओं को सहयोग

रेशम योजनाओं से संबंधित इकाईयों में संबद्ध व्यक्तियों, उद्यमियों, स्वसहायता समूहों एवं अशासकीय संस्थाओं इत्यादि को नवीन कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, डिजाईन विकास, उत्पाद परिवर्तन, विपणन एवं निर्यात से जुड़ी हर गतिविधियों के उत्थान के लिये सहायता।

### 10. प्रमोशन एवं अभिलेखीकरण

रेशम उत्पादों की लोकप्रियता बढाने तथा विकास कार्यों का अभिलेखीकरण जिसमें डिजाईन डिक्शनरी प्रकाशन, ब्रोशर प्रिंटिंग, परियोजना प्रतिवेदन, इलेक्ट्रानिक मीडिया का उपयोग तथा बेस्ट प्रक्टिसेस आदि के अभिलेखीकरण के लिए सहायता।

# मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

## तीन वर्षो की तुलनात्मक वित्तीय उपलब्धियाँ

**राज्य आयोजना (मांग संख्या–56)** (राशि रूपये लाख में)

| क्रं. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | | वर्ष 2015–16 | | वर्ष 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय (दिस. 16तक) |
| 1 | स्थापना अनुदान | 538.00 | 493.88 | 538.00 | 288.83 | 484.20 | 116.52 |
| 2 | अमला प्रशिक्षण | 12.00 | 11.54 | 12.00 | 12.00 | 7.20 | 6.48 |
| 3 | खादी उत्पादन पर रिबेट | 40.00 | 33.90 | 55.00 | 55.00 | 49.50 | 48.88 |
| 4 | कत्तिनों को सहायता | 15.00 | 15.00 | | | | |
| 5 | प्रचार–प्रसार | 30.00 | 30.00 | --- | --- | --- | --- |
| 6 | अधोसंरचना विकास | 100.00 | 100.00 | --- | --- | --- | --- |
| 7 | विपणन सहायता | 100.00 | 100.00 | --- | --- | --- | --- |
| 8 | कच्चा माल क्रय सहायता | 280..00 | 280.00 | 280.00 | 280.00 | 180.00 | 180.00 |
| 9 | एकीकृत कलस्टर विकास | 50.00 | 50.00 | --- | --- | --- | --- |
| 10 | प्रमोशन एवं अभिलेखीकरण | 13.00 | 13.00 | --- | --- | --- | --- |
| 11 | उद्यमियों एवं स्व–सहायता समूहों को सहायता | 16.00 | 10.60 | --- | --- | --- | --- |
| 12 | अनुसंधान एवं विकास | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 27.00 | 27.00 |
| 13 | विन्ध्यावैली | 0.01 | --- | --- | --- | --- | --- |
| 14 | स्पेशल प्रोजेक्ट | 20.00 | --- | --- | --- | --- | --- |
| 15 | कारीगर प्रशिक्षण | 58.92 | 58.92 | --- | --- | --- | --- |
| 16 | सूचना प्रौद्योगिकी | 30.00 | 30.00 | 15.00 | 14.95 | 13.50 | 8.83 |
| 17 | मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 650.00 | 650.00 | 700.00 | 700.00 | 630.00<br>2850.00 | 2722.50 |
| 18 | कौशल उन्नयन प्रशिक्षण | 20.00 | 8.00 | 70.00 | 70.00 | 244.44 | --- |
| 19 | विपणन एवं प्रचार–प्रसार | --- | --- | 135.00 | 134.96 | 112.50 | 112.50 |
| 20 | ग्रामोद्योग गतिविधियॉ संचालन एवं संवर्धन | --- | --- | 198.52 | 191.10 | 126.936 | 120.00 |
| | **योग** | **2022.93** | **1934.84** | **2053.52** | **1796.84** | **4725.276** | **3342.71** |

**आदिवासी उपयोजना (मांग संख्या–41)**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कारीगरों को प्रशिक्षण | 200.00 | 200.00 | --- | --- | --- | --- |
| 2 | कौशल उन्नयन | 3.00 | 0.90 | 28.00 | 28.00 | 52.362 | 10.15 |
| 3 | मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 27.54 | 27.54 | 217.00 | 217.00 | 292.347 | 292.347 |
| | **योग** | **230.54** | **228.44** | **245.00** | **245.00** | **344.709** | **302.497** |

**विशेष घटक योजना (मांग संख्या–64)**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 44.59 | 44.59 | 325.00 | 325.00 | 391.284 | 391.284 |
| 2 | कौशल उन्नयन | 2.00 | 0.60 | 27.00 | 27.00 | 71.802 | --- |
| 3 | कारीगरों को प्रशिक्षण | 263.81 | 263.81 | --- | --- | --- | --- |
| | **योग** | **310.40** | **309.00** | **352.00** | **352.00** | **463.086** | **391.284** |

केन्द्र शासन (खादी ग्रामोद्योग आयोग) द्वारा वित्तपोषित (राशि लाख रू.में)

| क्रं. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | | वर्ष 2015–16 | | वर्ष 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय(दिसम्बर,16 तक) |
| 1 | प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम | 2454.82 | 2401.45 | 2438.82 | 1715.37 | 2991.55 | 355.60 |

## तीन वर्षों की तुलनात्मक भौतिक उपलब्धियाँ

राज्य आयोजना (मांग संख्या–56) (हितग्राहियों / इकाईयों की संख्या)

| क्रं. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | वर्ष 2015–16 | वर्ष 2016–17 (दिसम्बर,16 तक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कच्चा माल क्रय सहायता | 404 | 425 | 430 |
| 2 | कत्तिनों को सहायता | 375 | 410 | 420 |
| 3 | अमला प्रशिक्षण | 119 | 129 | 102 |
| 4 | कारीगर प्रशिक्षण / कौशल उन्नयन | 550 | 195 | 29 |
| 5 | प्रचार प्रसार | 103 | 114 | 52 |
| 6 | मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 1409 | 914 | 1830 |
| | **योग** | **2960** | **2187** | **2863** |

आदिवासी उपयोजना (मांग संख्या–41)

| क्रं. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | वर्ष 2015–16 | वर्ष 2016–17 (दिसम्बर,16 तक) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कारीगरों को प्रशिक्षण / कौशल उन्नयन | 234 | 48 | 55 |
| 2. | मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 390 | 276 | 231 |
| | **योग** | **624** | **324** | **286** |

विशेष घटक योजना (मांग संख्या–64)

| क्रं. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | वर्ष 2015–16 | वर्ष 2016–17 (दिसम्बर, 16 तक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कारीगरों को प्रशिक्षण / कौशल उन्नयन | 350 | 140 | 03 |
| 2 | मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 566 | 430 | 415 |
| | **योग** | **916** | **570** | **418** |

केन्द्र शासन (खादी और ग्रामोद्योग आयोग) द्वारा वित्तपोषित

| क्रं. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | वर्ष 2015–16 | वर्ष 2016–17 (दिसम्बर,16 तक) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम | 905 | 486 | 96 |

## संचालित योजनाएं

1. **स्थापना अनुदान आयोजना**

   - योजनाओं के संचालन हेतु विभागीय केन्द्रों पर पदस्थ अमले के वेतन भत्तों की प्रतिपूर्ति हेतु स्थापना अनुदान आयोजना मद से राशि उपलब्ध कराई जाती है ।

2. **बोर्ड अमले को तकनीकी प्रशिक्षण**

   - बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना का अधिकार, विपणन, लेखा, सूचना प्रौद्योगिकी, कम्प्यूटर कार्य एवं क्षमता वृद्धि हेतु प्रशिक्षण ।

3. **खादी उत्पादन पर रिबेट**

   - प्रदेश में खादी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए बुनकरों को खादी के उत्पादन मूल्य का 10 प्रतिशत श्रमिकाई के अतिरिक्त, उत्पादन अनुदान ।
   - योजना का लाभ खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त खादी संस्थाओं के बुनकरों को भी देय ।

4. **कत्तिन सहायता**

   - प्रदेश में खादी उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए हाथ से कताई करने वाली कत्तिनों को सूत के उत्पादन मूल्य का 10 प्रतिशत श्रमिकाई के अतिरिक्त, कत्तिन अनुदान ।
   - योजना का लाभ खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त खादी संस्थाओं की कत्तिनों को भी देय ।

5. **प्रचार प्रसार**

   - खादी एवं ग्रामोद्योगों के विकास एवं संर्वधन के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रभावी प्रचार प्रसार।
   - क्रेता–विक्रेता सम्मेलन आदि।

6. **अधोसंरचना विकास**

   - विभागीय उत्पादन केन्द्रों की व्यवस्था को शेड निर्माण, आधुनिक मशीनों आदि से सुदृढ़ करना, जिससे कत्तिनों, बुनकरों एवं अन्य कारीगरों को निरंतर रोजगार के साथ–साथ उनकी कार्यक्षमता एवं आय में वृद्धि हो सके ।

7. **विपणन सहायता**

   - ग्रामोद्योगी इकाईयों को गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, एवं क्रय सामग्री का तत्काल भुगतान हेतु सहायता ।

- विभागीय विक्रय केन्द्रों के माध्यम से विक्रय एवं मेले/प्रर्दशनियों में भाग लेकर ग्रामोद्योगी उत्पादों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन ।

- ग्रामोद्योगी इकाईयों को मेला प्रर्दशनियों में भाग लेने पर स्टाल एवं आने जाने की सुविधा।

8. **कच्चा माल क्रय सहायता**

- उत्पादन में निरंतरता बनी रहे एवं हितग्राहियों को नियमित रोजगार सुलभ कराने के दृष्टिकोण से कच्चा माल सहायता ।

9. **एकीकृत कलस्टर विकास**

- बोर्ड के उत्पादन केन्द्रों पर कत्तिन एवं बुनकर कलस्टर के रूप में कार्य करते हैं । इस क्लस्टर्स के अधोसंरचनात्मक विकास को सुनिश्चित करना ।

10. **प्रमोशन एवं अभिलेखीकरण**

- खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादनों की लोकप्रियता बढ़ाने, विकास कार्यों का अभिलेखीकरण, ब्रोशर प्रिंटिंग, बेस्ट प्रेक्टिसेस का अभिलेखीकरण, परियोजना प्रतिवेदन तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया के उपयोग हेतु सहायता ।

11. **उद्यमियों एवं स्व–सहायता समूहों को सहायता**

- ग्रामोद्योग से संबद्ध व्यक्तियों, उद्यमियों, स्व–सहायता समूह एवं अशासकीय संस्थाओं को नवीन तकनीक एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, डिजाईन विकास, उत्पाद परिवर्तन एवं विपणन एवं निर्यात से जुड़ी हुई गतिविधियों के विकास हेतु सहायता ।

12. **अनुसंधान एवं विकास**

- अनुसंधान एवं विकास योजनान्तर्गत उत्पादन केन्द्रों की गुणवत्ता सुधार अध्ययन एवं मूल्यांकन (इम्पेक्ट असेसमेंट) हेतु व्यावसायिक तथा विशेषज्ञ संस्थानों से अध्ययन/विश्लेषण कराना व उन्नयन करना ।

13. **विन्ध्या वैली**

- योजना का प्रमुख उद्देश्य विन्ध्या वैली ब्रांड को विकसित कर ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादको को बाजार उपलब्ध कराकर उसका उचित मूल्य दिलाना एवं उन्हें निरंतर रोजगार उपलब्ध कराना।

- योजनान्तर्गत ग्रामीण उत्पादों का मूल्य संर्वधन (वेल्यू ऐडिशन), कौशल उन्नयन, गुणवत्ता नियंत्रण, आकर्षक पैकेजिंग एवं मानकीकरण की सुविधा ।

14. **स्पेशल प्रोजेक्ट**

- खादी एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्र में विकास के लिये विशेष योजनाओं का क्रियान्वयन ।

15. **मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना**

- समाज के सभी वर्गों के लिये स्वयं का उद्योग(विनिर्माण)/सेवा/व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराना ।
- आर्थिक सहायता – सामान्य वर्ग हेतु परियोजना लागत का 15 प्रतिशत (अधिकतम रू. एक लाख),बी.पी.एल./अनुजाति/अनु.जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग(क्रीमीलेयर को छोड़कर)/महिला/अल्पसंख्यक/निःशक्त जन हेतु 30 प्रतिशत (अधिकतम रू.दो लाख)
- परियोजना लागत पर 5 प्रतिशत की दर से (अधिकतम रू. 25 हजार प्रतिवर्ष) ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक देय ।
- गारंटी शुल्क प्रचलित दर पर अधिकतम 7 वर्ष तक देय।

16. **सूचना प्रौद्योगिकी**

- सूचना प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत बोर्ड की विकासात्मक गतिविधियों, बजट प्रावधान एवं लेखों को अद्यतन करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना।
- सूचना प्रौद्योगिकी के द्वारा जिला पंचायत कार्यालय, विभागीय केन्द्रों को इन्टरनेट के माध्यम से जोड़कर उत्पादन विक्रय एवं रोजगार की जानकारी के साथ–साथ बजट के उपयोग पर भी नियंत्रण रखा जाना।
- डाटा बेस तैयार करने एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग।

17. **कौशल उन्नयन**

- बेरोजगार युवाओं/अल्प–कालिक रोजगार प्राप्त कृषि संबद्ध मजदूरों को कुटीर एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हस्तशिल्प व एलाईड गतिविधियों में कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण देना।
- कारीगरों को उन्नत तकनीकी, गुणवत्ता सुधार एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण।

## संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम
### तीन वर्षो की तुलनात्मक वित्तीय उपलब्धियां

(राशि रूपये लाख में)

| क्र. | योजना | वर्ष 2014–15 | | वर्ष 2015–16 | | वर्ष 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय (दिस. 16तक) |
| 1 | विकास सह संग्रहण केन्द्रों का संचालन | 450.00 | 450.00 | 450.00 | 450.00 | 486.50 | 486.50 |
| 2 | प्रदर्शनी एवं प्रचार–प्रसार | 100.00 | 100.00 | 150.00 | 150.00 | 122.75 | 122.75 |
| 3 | हस्तशिल्पों की बिक्री पर अवहार | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 150.00 | 150.00 |
| 4 | अनुसंधान एवं विकास | 30.00 | 30.00 | 30.00 | 30.00 | 13.50 | 13.50 |
| 5 | उद्यमियों/स्वसहायता समूहों एवं अशासकीय संस्थाओं को सहयोग | 60.00 | 36.00 | 35.00 | 34.00 | 27.00 | 27.00 |
| 6 | एकीकृत क्लस्टर विकास कार्यक्रम | 350.00 | 342.40 | 226.00 | 225.95 | 235.539 | 224.535 |
| 7 | शिल्पी/बुनकर कल्याण योजना | 30.00 | 18.00 | 30.00 | 30.00 | 0.009 | - |
| 8 | निगम मुख्यालय को मानिटरिंग हेतु अनुदान | 230.00 | 230.00 | 236.00 | 236.00 | 332.965 | 329.36 |
| 9 | निगम भवनों का संधारण | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 27.00 | 27.00 |
| 10 | स्पेशल प्रोजेक्ट | 5.00 | 3.00 | 00 | 00 | 0.009 | - |
| 11 | प्रमोशन अभिलेखीकरण | 70.00 | 70.00 | 70.00 | 70.00 | 45.00 | 40.00 |
| 12 | अधोसंरचना विकास | 5.00 | - | 0.01 | 0.01 | 0.009 | - |
| 13 | राज्य स्तरीय पुरस्कार | 6.00 | 6.00 | 6.00 | 6.00 | 2.70 | 2.70 |
| 14 | सूचना प्रौद्यागिकी | 15.00 | 9.00 | 15.00 | 15.00 | 13.50 | 13.50 |
| 15 | कालीन पार्क | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 90.00 | 90.00 |
| 16 | कौशल विकास | 25.00 | 25.00 | 30.00 | 30.00 | 18.00 | 15.22 |
| | **योग** | **1576.01** | **1519.40** | **1642.02** | **1640.94** | **1564.484** | **1542.065** |

## तीन वर्षो की तुलनात्मक भौतिक उपलब्धि

| क्र. | योजना | वर्ष 2014–15 | | वर्ष 2015–16 | | वर्ष 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि (दिस. 16तक) |
| 1 | प्रदर्शनी एवं प्रचार–प्रसार<br>अ. प्रदर्शनी संख्या | 60 | 61 | 60 | 47 | 52 | 34 |
| | ब–हितग्राही | 18000 | 20196 | 18000 | 20640 | 20610 | 18026 |
| 2 | उद्यमियों/स्वसहायता समूहों/ अशासकीय संस्थाओं को सहयोग | 30 | 101 | 50 | 47 | 22 | 65 |
| 3 | एकीकृत क्लस्टर विकास कार्यक्रम | 4250 | 4752 | 4900 | 4900 | 2660 | 2326 |
| 4 | शिल्पी/बुनकर कल्याण योजना | 7200 | 2403 | 7000 | 7000 | - | - |
| 5 | राज्य स्तरीय पुरस्कार | 6 | - | 8 | - | 3 | - |
| | **योग–** | **29546** | **27513** | **30018** | **32634** | **23295** | **20417** |

## राज्य स्तरीय योजनायें

### 1.एकीकृत क्लस्टर विकास कार्यक्रम योजना

ग्रामोद्योग के अंतर्गत क्लस्टरों को विशिष्ट बनाना, वर्तमान क्लस्टरों को सुदृढ़ करना तथा नवीन क्लस्टरों को विकसित करना, क्लस्टरों में वित्तीय समर्थन को बढ़ाने हेतु डायग्नोस्टिक स्टडी करना, नवीन एवं आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन एवं विकास, अन्य आवश्यक इनपुट, डिजाइन, बाजार लिंकेज, सलाहकारों की सेवाऐं लेना, कमियों को चिन्हित करने हेतु अध्ययन, प्रशिक्षण

की व्यवस्था करना, क्लस्टर में लघु एवं मध्यम उद्यमियों अशासकीय संस्थाओं को समर्थन देने हेतु सेमीनार वर्कशाप, अध्ययन भ्रमण आदि का आयोजन करना तथा अन्य हाथकरघा संबंधी गतिविधियों/आवश्यकताओं हेतु सहायता। क्लस्टर अंतर्गत बुनियादी आवश्यकता सड़क, नाली, पेयजल, विद्युत प्रदाय, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाऐं, अधोसंरचना, प्री–लूम, पोस्ट लूम सुविधाओं की स्थापना करना।

**2. 'प्रमोशन एवं अभिलेखीकरण योजना'**

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग से संबंधित उत्पादों की लोकप्रियता बढाने तथा विकास कार्यो का अभिलेखीकरण जिसमें डिजाईन डिक्शनरी प्रकाशन, ब्रोशर, प्रिंटिंग, परियोजना प्रतिवेदन, इलेक्ट्रानिक मीडिया का उपयोग तथा वेस्ट प्रेक्टिसेस आदि के अभिलेखीकरण हेतु सहायता दी जावेगी।

**3. स्पेशल प्रोजेक्ट योजना**

हाथकरघा, हस्तशिल्प, रेशम एवं खादी क्षेत्र के विशेष उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ/प्रायवेट पार्टनरशिप अंतर्गत निजी इकाईयों, कंपनियों एवं व्यक्तिगत उद्यमियों द्वारा परियोजना का कियान्वयन।

**4 उद्यमियों/स्व. सहायता समूहों/अशासकीय संस्थाओं को सहयोग**

हाथकरघा, हस्तशिल्प, रेशम तथा खादी से संबंधित इकाईयों से संबंधित व्यक्तियों, उद्यमियों, स्व–सहायता समूहों एवं अशासकीय संस्थाऐं इत्यादि को नवीन एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, डिजाईन विकास, उत्पाद परिवर्तन, विपणन एवं निर्यात से जुड़ी हुई गतिविधियों के उत्थान के लिये सहायता।

**5. अनुसंधान एवं विकास योजना**

हाथकरघा, हस्तशिल्प, रेशम एवं खादी से संबंधित इकाईयों को क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्य संपादित करने हेतु अध्ययन एवं मूल्यांकन (इम्पेक्ट एसेसमेंट) हेतु नीतियों के कियान्यन का व्यावसायिक तथा विशेषज्ञ संस्थाओं से अध्ययन/विश्लेषण कार्य कराए जाने हेतु सहायता दी जा सकती है।

## 6. विकास केन्द्रों का संचालन

शिल्पियों व बुनकरों को घोषित सुविधाऐं उपलब्ध करवाने के लिए निगम द्वारा हस्तशिल्प व हाथकरघा क्लस्टर्स में 29 विकास केन्द्रों का संचालन किया जा रहा हैं ।

## 7. प्रदर्शनी प्रचार प्रसार

प्रदेश के शिल्पों व हाथकरघा वस्त्रों की बिक्री के लिए निगम द्वारा देशभर में प्रदर्शनियां आयोजित की जाती है। इन प्रदर्शनियों में शिल्पियों /बुनकरों का सीधा सम्पर्क ग्राहकों से होता है उन्हें ग्राहकों की पसन्द का ज्ञान होता है व डायरेक्ट मार्केट लिंकेज मिलता है ।

## 8 हस्तशिल्प की बिक्री पर अवहार

राष्ट्रीय व धार्मिक त्यौहारों के अवसर पर बिक्री पर अवहार दिया जाता है।

## 9. विपणन सहायता

शिल्पियों व बुनकरों के लिए सबसे प्रमुख समस्या विपणन की होती है। शिल्पियों के उत्पाद के विक्रय के लिए निगम द्वारा 22 एम्पोरियम संचालित किए जा रहे है, जिनमें से 10 प्रदेश के बाहर है। निगम द्वारा प्रति वर्ष देश भर में प्रदर्शनियों का आयोजन कर बिक्री की जाती है। निगम द्वारा ग्वालियर, इन्दौर व भोपाल में स्थाई हाट की स्थापना की गई है। यहां शिल्पियों को रोटेशन से अपने उत्पाद बिक्री करने का अवसर दिया जाता है।

## 10 विश्वकर्मा पुरस्कार

शिल्पियों द्वारा जीविकोपार्जन के लिए व्यवसायिक उत्पादन कराने के कारण शिल्प की गुणवत्ता में गिरावट आ सकती है। शिल्पियों को कलात्मक उत्पादन के लिए प्रेरित करने हेतु चयनित शिल्पियों को विश्वकर्मा पुरस्कार से प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है। प्रथम पुरस्कार रूपये 1.00 लाख, द्वितीय पुरस्कार 50,000/– व तृतीय पुरस्कार रूपये 25,000/– है। इसके अतिरिक्त लुप्तप्राय शिल्पों में कलात्मक सृजन के लिए प्रोत्साहन पुरूस्कार रूपये 15,000/– के अधिकतम 3 पुरस्कारों की व्यवस्था है।

# मध्य प्रदेश माटीकला बोर्ड

## तीन वर्षो की तुलनात्मक वित्तीय उपलब्धियां

(राशि लाख रूपये)

| क्र. | योजना | वर्ष 2014–15 | | वर्ष 2015–16 | | वर्ष 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय (दिस.16 तक) |
| **मांग संख्या–56** | | | | | | | |
| 1. | मुख्यमंत्री स्वरोजगार/आर्थिक कल्याण योजना | 210.00 | 160.00 | 210.00 | 210.00 | 481.01 | 294.66 |
| 2. | उद्यमियों को प्रशिक्षण | 7.00 | 6.39 | 12.00 | 12.00 | 10.80 | 10.80 |
| 3. | प्रचार–प्रसार योजना | 5.00 | 5.00 | 5.00 | 5.00 | 7.20 | 7.20 |
| 4. | कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन | 3.00 | 3.00 | 3.00 | 3.00 | 4.50 | 2.90 |
| 5. | मुख्यमंत्री ब्याज अनुदान योजना | 5.00 | – | 5.00 | – | 1.80 | – |
| **मांग संख्या–64** | | | | | | | |
| 1. | मुख्यमंत्री स्वरोजगार /आर्थिक कल्याण योजना | 55.00 | 52.45 | 65.00 | 65.00 | 13.49 | 13.49 |
| **मांग संख्या–41** | | | | | | | |
| 1. | मुख्यमंत्री स्वरोजगार /आर्थिक कल्याण योजना | 75.00 | 26.90 | 75.00 | 75.00 | 0.90 | 0.90 |
| | **महायोग (मांग संख्या–41+56+64)** | **360.00** | **253.74** | **375.00** | **370.00** | **519.70** | **329.95** |

## तीन वर्षों की तुलनात्मक भौतिक उपलब्धियां

(इकाई संख्या)

| क्र. | योजना का नाम | वर्ष 2014–15 | | वर्ष 2015–16 | | वर्ष 2016–17 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि | लक्ष्य | उपलब्धि (दिस. 16तक) |
| 1 | मुख्यमंत्री स्वरोजगार /आर्थिक कल्याण योजना | 700 | 715 | 700 | 563 | 1000 | 481 |
| 2 | उद्यमियों को प्रशिक्षण | 35 | 73 | 60 | 50 | 50 | 46 |
| 3 | प्रचार–प्रसार योजना | 15 | 34 | 15 | 41 | 30 | 38 |
| 4 | मुख्यमंत्री ब्याज अनुदान योजना | 725 | – | 715 | – | – | – |
| 5 | कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम | 06 | 13 | 10 | 13 | 15 | 08 |
| | **योग** | **1481** | **835** | **1500** | **667** | **1095** | **573** |

# मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड की योजनायें

## 1. मुख्यमंत्री स्वरोजगार/आर्थिक कल्याण योजना :

- **मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना** में परियोजना लागत रूपये 0.50 लाख से 10.00 लाख तक इकाई स्थापित करने के लिये परियोजना लागत का सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत या अधिकतम रूपये 1.00 लाख तक एवं बी.पी.एल./अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोडकर)/महिला/अल्पसंख्यक/निःशक्तजन हेतु 30 प्रतिशत अधिकतम रूपये 2.00 लाख तक मार्जिन मनी सहायता।

- **"मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना"** में परियोजना लागत रूपये 50,000/– तक का बी. पी.एल./अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत या अधिकतम रूपये 15000 एवं अन्य वर्ग के उद्यमियों को रूपये 7,500/– तक मार्जिन मनी उपलब्ध कराई जाती हैं।

- 5 प्रतिशत की दर से अधिकतम रूपये 25,000/– तक ब्याज अनुदान की प्रतिपूर्ति 7 वर्ष तक।

## 2. माटीकला उद्यमियों को प्रशिक्षण योजना

माटीकला उद्यमियों की प्रशिक्षण योजना में माटी शिल्प के विकास एवं मूल्य संवर्धन (value addition) प्रशिक्षण देश एवं प्रदेश स्तरीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पियों के माध्यम से दिया जाता है।

## 3. माटीकला प्रचार–प्रसार योजना

इस योजना अंतर्गत माटीकला शिल्पियों के लिये संचालित योजनाओं का प्रचार–प्रसार प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से किया जाता है एवं कामगारो/शिल्पियों को प्रोत्साहन देने के लिये प्रति वर्ष 3 उत्कृष्ट शिल्पियों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके अतिरिक्त मिट्टी का कार्य करने वाले कारीगरों को प्रदेश या प्रदेश के बाहर आयोजित होने वाले मेले/प्रदर्शनी आदि में भागीदारी और मेले के आयोजन के लिये सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

## 4. मुख्यमंत्री ब्याज अनुदान योजना

इस योजना में माटीकला उद्यमियों को बैंक से रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिये 5 वर्ष तक बैंक लोन का 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की प्रतिपूर्ति की जाती हैं।

## 5. कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

इस योजना में प्रदेश के माटीशिल्पयों को प्रदेश के बाहर देश के विभिन्न राज्यों में हो रहे विशिष्ट माटी उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है।

## भाग–चार

## अभिनव योजना

### हाथकरघा संचालनालय

- **बुनकरों को उन्नत हाथकरघो का प्रदाय** – महेश्वर के 234 बुनकरों को उन्नत आयरन फ्रेम लूम दिए जा रहे है। इन लूमों से जहां एक ओर क्वालिटी में सुधार होगा, वही उनकी बुनाई क्षमता भी बढेगी, इससे बुनकरों की आय में वृद्धि होगी।

- **वर्कस्टेशन का निर्माण एवं उन्नत करघो का प्रदाय** – चंदेरी में आई.आई.यू.एस. परियोजना के अंतर्गत 24 वर्क स्टेशन में 240 लूम स्थापित करने की प्रकिया निरंतर है। इस परियोजना के अंतर्गत हैण्डलूम पार्क के वर्क स्टेशन में 240 बुनकरों के लिए लूम स्थापित किए जा रहे है। इससे बुनकरों को एक ही स्थान पर प्री लूम, पोस्ट लूम के साथ वीविंग करने की सुविधाए उपलब्ध हो जाऐंगी।

- **बुनकारों के फोटो युक्त पहचान पत्र प्रदाय** – प्रदेश के बुनकरों को फोटो युक्त पहचान पत्र उपलब्ध कराये जा रहे है। इन पहचान पत्रों का लाभ शिल्पियों को बैंको से ऋण लेने, एवं सामान बेचने के लिए बाहर जाने में सहायता प्राप्त होगी।

### रेशम संचालनालय

- **सतपुडा वूमन सिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी बैतूल** – बैतूल जिले में सतपुडा वूमन सिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड बैतूल का पंजीयन कराया गया है। इस कम्पनी का संचालन शतप्रतिशत अनुसूचित जनजाति की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। बैतूल जिले के 70 गॉव की 931 महिलाओं द्वारा रेशम कृमिपालन कार्य किया जा रहा है। 931 एकड क्षेत्र में शहतूत पौधरोपण है। लगभग 2.50 लाख किलोग्राम मलबरी ककून का प्रति वर्ष उत्पादन किया जाता है औसत उत्पादन प्रति एकड 250 किलोग्राम के आधार पर लगभग राशि रूपये 75 हजार प्रति एकड़ आय प्राप्त होती है।

- **खरगोन, बड़वानी एवं धार जिले में रेशम के नवीन क्लस्टर का विकास** – राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंर्तगत प्रदेश के खरगोन, बड़वानी एवं धार जिले में कृषकों की निजी

भूमि पर मलबरी पौधरोपण कार्य कराया गया है। विगत तीन वर्षो में 489 एकड़ में मलबरी पौधरोपण कराया जाकर 489 हितग्राहियों द्वारा रेशम कृमिपालन कार्य किया जा रहा है।

## मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

- **खादी वस्त्र उत्पादन** – प्रदेश में खादी वस्त्रों के विपणन को बढावा देने हेतु भोपाल में खादी वस्त्रो का वातानुकूलित एक्स्क्लूसिव शोरूम दिनांक 2 अक्टूवर 2016 को प्रारम्भ किया गया है। इसी के साथ सुपर फाईन क्वालिटी की खादी का उत्पादन प्रारम्भ किया गया है। यह माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा अनुरूप खादी वस्त्रों को बढावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

- **महिला हितग्राहियों को टू व्हीलर रिपेरिंग प्रशिक्षण** – प्रदेश में पहली बार 39 महिलाओं को कौशल विकास योजना के तहत टू व्हीलर रिपेरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इन महिलाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अंतर्गत लाभान्वित कर स्वरोजगार हेतु सहायता दी जावेगी।

## संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम

- **प्रदेश के हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्लस्टरों में सामान्य सुविधा केन्द्र का निर्माण** – विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) भारत सरकार की परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के 11 क्लस्टरों में नवीन भवनों का निर्माण एवं 6 क्लस्टरों में सी.एफ.सी. स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत सी.एफ.सी. में ट्रेनिंग हेतु सर्व सुविधायुक्त बिल्डिंग के साथ–साथ, कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर एवं अन्य सॉफ्ट फेसिलिटी भी उपलब्ध होंगे।

## मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड

- **माटी शिल्पियों को उन्नत प्रशिक्षण** – राजस्थान के टेराकोटा एवं ब्ल्यू पाटरी आदि उन्नत उत्पाद तैयार करने हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पियों से प्रदेश के माटी शिल्पियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। वर्ष 2016–17 में 8 उद्यमियों को जयपुर (राजस्थान) में ब्ल्यू पॉटरी उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## भाग–पांच

# महिला नीति

### हाथकरघा संचालनालय

हाथकरघा एवं कुटीर उद्योग का कार्यक्षेत्र व्यक्ति विशेष न होकर पारिवारिक गतिविधि के रूप में संचालित होता है। प्रदेश के जेंडर बजट में ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं को श्रेणी दो में सम्मिलित किया गया है। विभाग के लिए स्वीकृत बजट प्रावधान का न्यूनतम 30 प्रतिशत महिला हितग्राहियों के लिए उपयोग किया जाता है। स्व सहायता समूहों के गठन, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता आदि में महिला हितग्राहियों को प्राथमिकता दी जाती है।

### रेशम संचालनालय

रेशम संचालनालय के अंतर्गत स्वावलंबन योजना के तहत शासकीय स्वावलंबन केन्द्र पर उपलब्ध एक एकड़ अथवा आधा एकड़ का भोगाधिकार दिया गया है जिसमें स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। महिलाओं के बचत समूह गठित किये गये हैं, साथ ही टसर क्षेत्र में कार्यशालाओं के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश में उत्पादित समस्त प्रकार के रेशम ककून की धागाकरण इकाईयां म.प्र. सिल्क फेडरेशन के अन्तर्गत कियान्वित है, उल्लेखनीय है कि प्रदेश में संचालित समस्त रेशम धागाकरण इकाईयों में शत प्रतिशत महिलाओं द्वारा धागाकरण का कार्य किया जाता है।

### मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा धागा कताई, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजनांतर्गत इकाई स्थापना में महिला हितग्राहियों की भागीदारी सुनिश्चितें की जाती है तथा विन्ध्यावैली के तहत महिला हितग्राहियों के समूहों के उत्पादों के विपणन में सहायता उपलब्ध कराई जाती है। खादी उत्पादन योजनांतर्गत 410 महिला कत्तिनों को तथा विन्ध्या वैली परियोजनान्तर्गत स्व–सहायता समूह की लगभग 3500 सदस्यों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है ।

### मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम

महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निगम मुख्यालय भोपाल में एक सामान्य सुविधा केन्द्र में सिलाई केन्द्र की स्थापना की गई है। इस सेंटर में सिलाई मशीन व अन्य उपकरण स्थापित किये गए है। इस केन्द्र में सिलाई के कार्य केन्द्र एक स्व–सहायता समूह बनाया गया है। केन्द्र में समूह की महिलाओं को निःशुल्क कार्य दिया गया है। जिसमें 25–30 महिलाये लाभान्वित हो रही है। समूह द्वारा बनाये गए बनाये गए वस्त्र एवं अन्य सामग्री विक्रय हेतु क्रय की जाती है।

### मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड

माटीकला उद्योग पारिवारिक गतिविधि के रूप में संचालित होता है। बोर्ड को आवंटित बजट में 30 प्रतिशत बजट में महिला हितग्राहियों की भागीदारी की जाती है।

भाग–छः

## सारांश

## हाथकरघा संचालनालय

प्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर हाथकरधा वस्त्र बुनाईकला के संरक्षण एंव विकास हेतु कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, उन्नत उपकरणो का प्रदाय,क्लस्टरो में अधोसंरचना विकास, डिजाइन विकास एंव उत्पाद विकास पर जोर दिया गया। उत्पादों के विपणन मे सहायता हेतु भण्डार क्रय नियमों के तहत शासकीय विभाग से प्राप्त आदेश प्राप्त करने, देश एंव प्रदेश मे मेला, एक्सपो एंव प्रदर्शनियो का आयोजन अथवा उनमें भागीदारी सुनिश्चित की गयी।

## रेशम संचालनालय

देश में उत्पादित हो रहे समस्त प्रकार के रेशम एवं मांग के आधार पर लगभग 7000 मीट्रिक टन की कमी है। म.प्र. की कृषि जलवायु समस्त प्रकार के रेशम उत्पादन हेतु उपयुक्त है।

प्रदेश में प्राकृतिक वन की वृहद संपदा है जिनमें टसर ककून का उत्पादन किया जा रहा है। अतः प्रदेश में देश की वर्तमान मांग की पूर्ति हेतु प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2018 तक राज्य को देश का एक मुख्य रेशम उत्पादक राज्य बनाने की ओर प्रतिबद्ध है।

## मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड

म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न अंचलों में खादी उत्पादन जिसमें सिल्क, ऊनी तथा सूती खादी सम्मिलित है के अंन्तर्गत ग्रामीण अंचलों में निवासरत् इन गतिविधियों से जुड़े अधिक से अधिक कत्तिन व बुनकरों को लाभान्वित किए जाने का सतत् प्रयास किया जाता है।

खादी उत्पादन केन्द्रों से संबंद्ध कत्तिन, बुनकर एवं अन्य कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विन्ध्या वैली प्रोजेक्ट अंतर्गत बिक्री के समस्त सार्थक प्रयास करते हुए अधिक से अधिक बिक्री के प्रयास किये जा रहे है जिससे उनका प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष लाभ इस प्रोजेक्ट से जुड़े स्व–सहायता समूहों के सदस्यों, अधिसंख्य महिलाओं को प्राप्त होता है।

## हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम

निगम द्वारा परम्परागत शिल्पी व बुनकर परिवारों के युवाओं को परम्परागत आजीविका में ही बनाए रखने के लिये उचित वातावरण बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। एकीकृत क्लस्टर विकास योजना के अंतर्गत क्लस्टर में बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। एम्पोरियमों की बिक्री बढ़ाने के लिये एम्पोरियमों की साज–सज्जा परिवर्तित की जा रही है, व नई प्रोडक्ट रेंज विकसित की गई है। डिज़ाइनर आइटम्स का उत्पादन एसोसिएट शिल्पियों व बुनकरों से करवाया जा रहा है जिससे उनकी आमदनी बढ़ कर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्वि हो।

## मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड

प्रदेश के मिट्टी कला से जुडे शिल्पकारों, कारीगरों एवं कामगारों के उत्थान हेतु कियान्वित योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को मशीनरी, कच्चा माल, वर्क शेड निर्माण एवं विद्युत चलित उन्नत शैला चाक हेतु सहायता उपलब्ध कराकर व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।